

TITLE CODE:- UPHIN51504

GARVI GUJARAT

# गरवी गुजरात

गरवी गुजरात

लखनऊ से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 223
दि. 14.12.2025, रविवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा

EDITOR : ASHWANI KUMAR Regd. Office: TF-01, Nanakram Super Market,Ramnagar,Sabarmati, Ahmedabad-380 005. Gujarat, India.

Phone : 90163 33307 (M) 93283 33307, 98253 33307 • Email : garvigujarat2007@gmail.com • Email : garvigujarat2007@yahoo.com • Website : www.garvigujarat.co.in


## यूपी भाजपा का अध्यक्ष बनना तय होते ही पंकज चौधरी ने सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर दे दिया बड़ा बयान, ये बोले

**केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी यूपी बीजेपी अध्यक्ष के निर्विरोध उम्मीदवार बन गए हैं. यूपी ळं से एक्सक्लूसिव बातचीत में पंकज चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ अपने राजनीतिक सामंजस्य पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की.**

(जीएनएस)।

उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में यह तय हो चुका है कि केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री और सांसद पंकज चौधरी अगले प्रदेश अध्यक्ष बनने जा रहे हैं. शनिवार को पंकच चौधरी ने उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. अध्यक्ष पक्ष के लिए पंकज चौधरी एकमात्र उम्मीदवार हैं. इस हिसाब से देखें तो पंकज चौधरी का निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ हो गया है. अब हर तरफ कयासबाजी ये लगाई जा रही है कि यूपी बीजेपी के संगठन के नए मुखिया बनने जा रहे पंकज चौधरी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच सियासी सामंजस्य क्या आकार लेगा. इस बीच यूपी ळं ने पंकज चौधरी से एक्सक्लूसिव बातचीत की है. इस बातचीत में पंकज चौधरी ने सीएम योगी को लेकर अहम टिप्पणी की है.

पहले आधिकारिक ऐलान फिर आगे की योजना पर बातः पंकज चौधरी

पंकज चौधरी ने कहा कि आज तो पर्चा दाखिल हुआ है. स्क्रुटनी हो रही है.आधिकारिक घोषणा रविवार दोपहर 2:00 बजे होगी. उन्होंने कहा कि हमारे केंद्रीय नेताओं विनोद तावड़े, पीयूष गोयल आधिकारिक जानकारी देंगे. इसके बाद हम आगे की कार्य योजना पर बात करेंगे. पंकज चौधरी से हमने पूछा कि आपको कब पता चला कि आप प्रदेश अध्यक्ष बनने वाले हैं. इस सवाल पर उन्होंने कहा कि, 'कहीं ना कहीं सभी सांसद और विधायकों को लखनऊ बुलाया गया था. संगठन से मुझे बताया गया था कि मेरे पर्चा दाखिल होना चाहिए.

इसके बाद मैंने पर्चा दाखिल किया. पंकज चौधरी ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी मिलेगी उसको मैं सही ढंग से निभाऊंगा.

सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर ये बोले पंकज चौधरी

उत्तर प्रदेश में बीजेपी संगठन और प्रदेश सरकार के बीच समन्वय का विषय हमेशा चचाओं में बना रहता है. ऐसे में सबकी नजरें इस बात पर हैं कि योगी सरकार और नए प्रदेश अध्यक्ष के बीच कोऑर्डिनेशन कितना बेहतर तरीके से हो पाएगा. हालांकि पंकज चौधरी से जब सीएम योगी को लेकर सवाल हुआ तो उन्होंने उनके काम की तारीफ की. पंकज चौधरी ने कहा कि, 'योगी आदित्यनाथ जो कार्यक्रम चला रहे हैं बांग्लादेशियों को बाहर करने का वह होना भी चाहिए. देश में कोई भी बाहरी आदमी नहीं होना चाहिए.हम पूरी तरह से उसका समर्थन करते हैं.'



कौन हैं पंकज चौधरी?

7 बार के सांसद और कुर्मी बिरादरी से आने वाले बड़े नेता पंकज चौधरी के अध्यक्ष बनने की उम्मीद से समर्थकों में भारी उत्साह है. उत्तर प्रदेश की महराजगंज लोकसभा सीट से सांसद और भारत सरकार में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी साढ़े तीन दशक से अधिक अपने राजनीतिक सफर में भाजपा के एक निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में देखे जाते हैं. सियासी हवा का रुख चाहे जितना विपरीत रहा हो लेकिन हर वक्त पंकज चौधरी मजबूती से भाजपा के साथ खड़े रहे. पंकज कार्यकताओं का संबल बने तो तराई के इस जिले में पार्टी का जनाधार आगे ही बढ़ता चला गया.

1999 और 2009 के लोकसभा चुनाव को अगर छोड़ दें तो 1991 से लेकर 2024 तक हुए सभी चुनावों में अपने कुशल रणनीतिक कौशल से वह जीत भी हासिल करने में कामयाब रहे. 1989 में नगर निगम गोरखपुर के पार्षद और उप सभापति चुने जाने के बाद अपने सियासी सफर में उन्होंने कभी मुड़कर पीछे नहीं देखा. 1991 में जब भाजपा ने उन्हें महराजगंज लोकसभा सीट से टिकट दिया तो कुर्मी बहुल इस जिले में जातीय समीकरण भी उनके पक्ष में बैठा. इसके चलते महज 27 वर्ष की उम्र में ही वह सांसद बन देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंच गए.

2024 में हुए आम चुनाव में पहली में पहली बार उन्हें अपने गढ़ में चुनौती मिली. कांग्रेस गठबंधन ने उनके स्वजातीय फरेंदा के विधायक वीरेंद्र चौधरी को मुकाबले में खड़ा कर दिया, तो पहली बार कुर्मी, पटेल और सैंथवार मतदाताओं में बंटवारा देखने को मिला. इसके बाद भी पंकज चौधरी ने कांग्रेस प्रत्याशी को 35451 मतों से पराजित कर दिया. पंकज चौधरी के राजनीतिक रसूख का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि महराजगंज को गोरखपुर से काटकर जबसे जिला बनाया गया पंकज चौधरी ने तभी से जिला पंचायत सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा है. यहां तक कि सपा और बसपा के शासन काल में भी उन्हें कोई यहा से डिगा नहीं सका.

महराजगंज जिला पंचायत के अस्तित्व में आते ही पंकज चौधरी के बड़े भाई स्वर्गीय प्रदीप चौधरी पहले जिला पंचायत अध्यक्ष बने. फिर उसके बाद दो बार लगातार पंकज चौधरी की माता उज्वल चौधरी जिला पंचायत की अध्यक्ष रहीं.

## केरल निकाय चुनाव: तिरुवनंतपुरम में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत, पीएम मोदी ने दी बधाई

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को तिरुवनंतपुरम नगर निगम चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए की जीत को केरल की राजनीति के लिए एक 'ऐतिहासिक पल' बताया। इस चुनाव में एनडीए ने उढक(ट) के नेतृत्व वाले एलडीएफ से नगर निगम छीन लिया और स्थानीय निकाय में 45 साल से चला आ रहा वामपंथी शासन खत्म हो गया

केरल की राजनीति में शनिवार को एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है।

केरल की राजनीति में शनिवार को एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजों में भारतीय जनता पार्टी (इखढ) ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में जीत दर्ज करते हुए वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (छऊऋ) से सत्ता छीन ली है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को तिरुवनंतपुरम नगर निगम चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए की जीत को केरल की राजनीति के लिए एक 'ऐतिहासिक पल' बताया। इस चुनाव में




एनडीए ने उढक(ट) के नेतृत्व वाले एलडीएफ से नगर निगम छीन लिया और स्थानीय निकाय में 45 साल से चला आ रहा वामपंथी शासन खत्म हो गया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने लिखा, 'धन्यवाद तिरुवनंतपुरम! तिरुवनंतपुरम कॉर्पोरेशन में बीजेपी-एनडीए को मिला जनादेश केरल की राजनीति में एक ऐतिहासिक क्षण है।'

पीएम मोदी ने दिया धन्यवाद

प्रधानमंत्री ने सभी मेहनती बीजेपी कार्यकताओं का धन्यवाद किया, जिन्होंने लोगों के बीच रहकर लगातार काम किया और तिरुवनंतपुरम कॉर्पोरेशन में पार्टी को शानदार जीत दिलाई। उन्होंने कहा कि आज उन कार्यकताओं के संघर्ष और मेहनत को याद करने का दिन है, जो पीढ़ियों से जमीनी स्तर पर काम करते आ रहे हैं और जिनकी बदौलत यह नतीजा संभव हो पाया।

## श्री रमेश कृष्णमूर्ति ने पी.डी.यू.एन.ए.एस. में नव पदोन्नत एपीएफसी (बैच-II) के लिए आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम के समापन समारोह में भाग लिया

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नव पदोन्नत सहायक भविष्य निधि आयुक्तों (एपीएफसी) के लिए तीन सप्ताह का अभिविन्यास कार्यक्रम 12 दिसंबर 2025 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा अकादमी (पीडीयूएनएएसएस), नई दिल्ली में संपन्न हुआ। समापन सत्र में केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त (सीपीएफसी) श्री रमेश कृष्णमूर्ति ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित किया। केंद्रीय पुलिस आयुक्त ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की परिकल्पना के लिए पीडीयूएनएएसएस के निदेशक श्री कुमार रोहित को बधाई दी।



## असम में चौथे सहकारिता मेला 2025 का उद्घाटन

**केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव और महापुरुष माधवदेव की सांस्कृतिक विरासत को सहकारिता पुनर्जागरण की आधारशिला बताया**

(जीएनएस)।

असम सरकार के सहकारिता विभाग द्वारा, भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के मार्गदर्शन में आयोजित चौथे सहकारिता मेला 2025 का आज चांदमारी स्थित एईआई ग्राउंड में उद्घाटन किया गया। यह तीन दिवसीय मेला 13 से 15 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य असम में सहकारिता आंदोलन की शक्ति, विविधता और संभावनाओं को प्रदर्शित करना है।

इस मेले का औपचारिक उद्घाटन भारत सरकार के केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने असम सरकार के सहकारिता मंत्री श्री जोगेन मोहन की गरिमामयी उपस्थिति में किया।

गुवाहाटी में आयोजित सहकारिता मेले को संबोधित करते हुए केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री ने कहा कि असम में सहकारिता आंदोलन राज्य की गहरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं का स्वाभाविक विस्तार है। उन्होंने क्षेत्र के महान संत विभूतियों महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव और महापुरुष माधवदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि




एकता, समानता और समाज सेवा पर आधारित उनकी शिक्षाएं ही सहकारिता की भावना की मूल आधारशिला हैं।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में 'सहकार से समृद्धि' की राष्ट्रीय परिकल्पना, सशक्त वास्तविकता में परिवर्तित हो रही है। उन्होंने वर्ष 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना को एक ऐतिहासिक कदम बताया, जिसने भारत में वर्ष 2047 तक एक सर्वांगीण, विश्वस्तरीय सहकारिता प्रणाली के निर्माण के लिए आवश्यक संस्थागत प्रोत्साहन और स्पष्ट रोडमैप प्रदान किया है।

श्री गुर्जर ने विशेष रूप से असम में सहकारिता क्षेत्र में हो रहे तेज सुधारों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा के गतिशील नेतृत्व और राज्य के सहकारिता मंत्री श्री जोगेन मोहन के समर्पित प्रयासों को इसका श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर सक्रिय और प्रभावी क्रियान्वयन के चलते असम प्रमुख राष्ट्रीय पहलों में अग्रणी बनकर उभरा है।

उन्होंने बताया कि प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के 100 प्रतिशत कंप्यूटरीकरण की दिशा में असम ने उल्लेखनीय प्रगति की है, जहां 800 से अधिक पैक्स ने नए मॉडल उपविधियों को अपनाया है। इस प्रगति से युवाओं और महिलाओं को सशक्त किया जा रहा है, विभिन्न क्षेत्रों में उद्यमिता को बढ़ावा मिल रहा है और 32 लाख से अधिक सदस्यों को वित्तीय समावेशन का लाभ मिल रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि असम अब राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 के उस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के अनुरूप पूरी तरह अग्रसर है, जिसके अंतर्गत वर्ष 2026 तक प्रत्येक गांव में एक सहकारी संस्था की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने राज्य के लिए एक समृद्ध, आत्मनिर्भर और सहकारिता-आधारित भविष्य के निर्माण हेतु सामूहिक प्रयासों का आ'ान किया।

चौथे सहकारिता मेले में अपने संबोधन में असम सरकार के सहकारिता मंत्री श्री जोगेन मोहन ने इस मेले को जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण का एक जीवंत मंच बताया। उन्होंने प्रतिभागियों की विशेष रूप से सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर अपशिष्ट को उपयोगी संसाधनों में बदलते हुए आत्मनिर्भरता और अद्भुत नवाचार क्षमता का परिचय दिया है।

## सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारतीय सैन्य अकादमी में 157वीं पासिंग आउट परेड का अवलोकन किया

(जीएनएस)।

देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी आज अपने ऐतिहासिक ड्रिल स्क्वायर में आयोजित 157वीं पासिंग आउट परेड के अवसर पर गौरव, परंपरा और सैन्य वैभव से ओतप्रोत दिखाई दी। इस गरिमामय समारोह में अधिकारी कैडेटों को भारतीय सेना में विधिवत कमीशन प्रदान किया गया। यह अवसर अकादमी के चिरस्थायी आदर्श वाक्य 'वीरता एवं बुद्धिमत्ता' की जीवंत अभिव्यक्ति था, जो कैडेटों के कठोर प्रशिक्षण, अनुशासन, समर्पण और अदम्य साहस का सशक्त प्रमाण प्रस्तुत करता है।



सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने परेड का अवलोकन किया और नव नियुक्त अधिकारियों को उनके प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर अधिकारी कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सैन्य पेशा मात्र एक आजीविका नहीं, बल्कि एक पवित्र आ'ान है, जो अटूट समर्पण, निस्वार्थ सेवा और आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान की अपेक्षा करता है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारतीय सैन्य अकादमी की गौरवशाली विरासत की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रतिष्ठित संस्थान ने सदैव दूरदर्शी नेतृत्व और साहसी अधिकारियों को गढ़ा है, जिन्होंने बार-बार शौर्य, कर्तव्य एवं सम्मान की सर्वोच्च परंपराओं को अक्षुण्ण रखा है।

सेना प्रमुख ने आधुनिक सुरक्षा परिवेश की गतिशील, जटिल व बहुआयामी प्रकृति का उल्लेख किया, जो तीव्र गति से सैन्य, तकनीकी तथा सामाजिक क्षेत्रों में विस्तार कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि समकालीन संघर्षों में कूटनीति और निर्णायक सैन्य कार्रवाई के बीच निर्बाध एवं प्रभावी समन्वय अत्यंत आवश्यक है। सेना प्रमुख ने यह भी कहा कि भारतीय सेना आधुनिकीकरण व नवाचार के मार्ग पर निरंतर अग्रसर है और नवनियुक्त अधिकारी इस परिवर्तनशील यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अनिश्चित और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में नेतृत्व के महत्व पर बल देते हुए कहा कि भविष्य की चुनौतियां हमेशा स्पष्ट समाधान प्रस्तुत नहीं करेंगी, बल्कि वे अधिकारियों की अनुकूलन क्षमता, विवेकशील निर्णय-क्षमता तथा नैतिक ईमानदारी की सच्ची परीक्षा लेंगी।

सेना प्रमुख ने नवनियुक्त युवा अधिकारियों से उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेतृत्व करने, उच्चतम नैतिक आचरण बनाए रखने और अपने अधीनस्थ जवानों के लिए मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्रोत बनने का आग्रह किया।

## निदेशक श्री विशाल सिंह की अध्यक्षता में सभी जनपदीय एवं मुख्यालय के अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

(जीएनएस)।

लखनऊ :सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को सूचना निदेशालय के सभागार में सभी जनपदीय एवं मुख्यालय के अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निदेशक सूचना ने विभाग की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने, विभागीय कार्यप्रणाली में एकरूपता सुनिश्चित करने तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को और प्रभावी एवं तथ्यपरक ढंग से जनमानस तक पहुँचाने के निर्देश दिये।कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए निदेशक सूचना श्री विशाल सिंह ने कहा कि सूचना विभाग सरकार और जनता के बीच विश्वास का सशक्त सेतु है। सरकार की नीतियों, योजनाओं और विकास कार्यो को सरल, स्पष्ट, तथ्यपरक और समयबद्ध ढंग से जनता तक पहुँचाना सूचना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही, नकारात्मक एवं भ्रामक खबरों पर सतत निगरानी रखते हुए तथ्यों के साथ प्रभावी एवं संतुलित प्रतिक्रिया देना आज के समय की अनिवार्य आवश्यकता है।




निदेशक सूचना ने कहा कि सूचना विभाग को अपनी ऊर्जा, आत्मविश्वास और नेतृत्वकारी भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। सभी अधिकारी अपने-अपने जनपदों में सजग होकर पूरी निष्ठा, निष्पक्षता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए सरकार के विकास कार्यों एवं जनहितकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से जनमानस के समक्ष प्रस्तुत करें। प्रचार-प्रसार के सभी माध्यमों का उपयोग करते हुए एवं आधुनिक तकनीक अपनाकर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये। विगत 08 वर्षों में जनपदों में प्रदेश सरकार द्वारा कराये गये विकास कार्यो की सही जानकारी लोगों तक पहुंचायी जाय, जिससे लोगों में सरकार के नीतियों के प्रति किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न रहे।

अपर निदेशक अरविन्द कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जनपदों में किये जा रहे विकास कार्यों, योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित सक्सेज स्टोरी, लेख आदि के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया जाय। उन्होंने कहा कि जनपदीय कार्यालयों को और सुव्यवस्थित एवं सुदृढ़ किया जायेगा, जिससे कार्य करने में कोई असुविधा न हो। साथ ही सभी अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी लोग पूर्ण मनोयोग के साथ कार्य करें।




# सम्पादकीय

## ईसाई समाज में स्थान बनाने की मेहनत का प्रतिफल भाजपा को मिला तिरुवनंतपुरम में

बड़ा असर केरल में संपन्न हुए निगम चुनावों में भारतीय जनता पाटा (भाजपा) को मिली सफलता भले ही छोटी हो किन्तु इसके राजनीतिक मायने बहुत बड़े हैं। भाजपा ने तिरुवनंतपुरम में नगर निगम की 101 सीटों में से 50 पर, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पाटा नीत एलडीएफ 29, कांग्रेस की यूडीएफ 19 और निर्दलीय 2 पर विजय रहे। इस एक निगम चुनाव का विश्लेषण करें तो स्पष्ट है कि भाजपा ने वामपंथी गठबंधन को हराया, कांग्रेस तो तीसरे स्थान पर है जबकि तिरुवनंतपुरम सीट पर कांग्रेस प्रात्याशी रहे शशि थरूर 2024 में जीत चुके हैं। थरूर ने भाजपा के प्रात्याशी राजीव चंद्रशेखर को हराया था जो वेंद्र में उस वक्त मंत्री थे। इसका मतलब यह है कि केरल का स्थानीय चुनाव परिणाम राज्य विधानसभा 2026 में होने वाले चुनाव को भी प्राभावित कर सकता है। भाजपा के लिए निगम चुनावों में मिली सफलता का सीधा मतलब है कि पाटा की वही परंपरागत रणनीति है कि शहरों में कार्यकर्ता तैयार करें ताकि राज्य में अपनी जड़े जमा सवें। आज जो गुजरात भाजपा का अभेद किला बना हुआ है, वह भी कार्यकताओं की वजह से ही है। असल में हुआ यह कि भाजपा ने आरएसएस के प्राचारकों और स्वयंसेवकों को लेकर राज्य में अपना वैडर तो मजबूत कर रखा था लेकिन कांग्रेस की लोकप्रियता के सामने पाटा टिकती नहीं थी। 1984 के संसदीय चुनाव में पाटा को मिली पराजय से कार्यकताओं का मनोबल गिर चुका था। लेकिन 1986 में बड़ोदरा नगर निगम का चुनाव हुआ, पाटा को जबरदस्त जीत हासिल हुई। प्राचार में इस पाटा ने निगम की जीत पर इस तरह का विमर्श बनाया जैसे कि बड़ोदरा नगर निगम नहीं गुजरात विधानसभा का चुनाव जीता हो। इसी नगर निगम जीत पर भाजपा ने खुद को जीतने वाली पाटा घोषित कर दिया। भाजपा ने जहां भी सत्ता हासिल की है, वहां पर उसने सबसे पहले स्थानीय चुनावों में जीत हासिल की है ताकि जुझारू कार्यकर्ता मिल सवें। भाजपा की कोशिश है आगामी 2026 के विधानसभा चुनाव में वह कांग्रेस को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर आ जाए। ओडिशा में भाजपा आज सत्ता में है तो इसका कारण है कि उसने सबसे पहले कांग्रेस को तीसरे स्थान पर धकेल कर खुद विपक्ष की प्रामुख पाटा बन गई। फिर सत्तारुढ़ बीजू जनता दल के अच्छे और प्राभावशाली नेताओं को तोड़कर अपने साथ कर लिया ताकि प्रातिद्वंद्वी पाटा कमजोर हो जाए। हुआ यही भाजपा की सीधी लड़ाई बीजेडी से हुई और भाजपा ने अपने कार्यकताओं की फौज के बल पर बीजेडी को दूसरे स्थान पर धकेल दिया और कांग्रेस खुद तीसरे स्थान पर पहुंच गई। केरल में संघ के स्वयंसेवक और भाजपा कार्यकर्ता तो पहले से ही सव्रिय थे किन्तु वह चुनाव जीतने में फिसड्डी साबित होते थे। संघ और सीपीएम के बीच खूनी संघर्ष के कारण भाजपा समर्थक कांग्रेस को वोट दे देते थे। फिर भाजपा खुद जीतने के लिए लड़ने लगी किन्तु जीत के लिए तरसती रहती थी। लेकिन इन दिनों भाजपा का आधार केरल के शहरी क्षेत्रों में ज्यादा बढ़ा है। पहली बात तो यह है कि भाजपा ने वक्फ कानून लाकर जो ईसाई बस्तियों को बचाया, उससे सभी समुदाय के ईसाइयों ने भाजपा के लिए जमकर वोट दिया। ईसाई वक्फ को लेकर इतने भयभीत थे कि उनकी आवासीय संपत्तियों पर वक्फ ने दावा कर दिया तो उन्होंने न सिर्प अदालती लड़ाई लड़ी बल्कि सभी राजनीतिक पार्टियों से मदद भी मांगी। लेकिन भाजपा को छोड़कर कोई भी पाटा मुस्लिम वोटों का त्याग करने को तैयार नहीं हुई। अब वहां के ईसाई समाज के लोग मानते हैं कि उनके आवास बचे ही भाजपा की वजह से, इसके अलावा ईसाई युवा बड़ी संख्या में भाजपा की प्रादेश इकाई में शामिल हो चुके हैं। यही कारण है कि कांग्रेस को छोड़कर ईसाइयों ने भाजपा का साथ दिया। उल्लेखनीय है कि जब मुस्लिम चरमपंथी आईएसआईएस के आतंकियों की भता कर रहे थे तो उन्होंने इसके लिए लव जिहाद का रास्ता चुना। इस लव जिहाद का ज्यादा शिकार ईसाई युवतियां ही हुई। ईसाई समाज के वैथलिक धर्मगुरुओं और प्राभावशाली नेताओं ने वेंद्र सरकार से संपर्व करके समर्थन मांगा। भाजपा ने अपने राजनीतिक कौशल से ईसाई समाज में जो मुश्किल से पैठ बनाई वही अब निगम चुनाव में आ रहे परिणाम दिख रहे हैं।

# जामनगर में प्रभारी मंत्री श्री अर्जुनभाई मोढवाडिया की अध्यक्षता में वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस की श्रृंखला के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जामनगर की 9 कंपनियों द्वारा ₹5716 करोड़ के एमओयू किए गए

उद्योगपति संपत्ति के सृजनकर्ता और देश की प्रगति के प्रमुख वाहक हैं: प्रभारी मंत्री श्री अर्जुनभाई मोढवाडिया

जामनगर, 13 दिसंबर: जामनगर में वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस की श्रृंखला के अंतर्गत राज्य के वन एवं पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के माननीय मंत्री तथा जामनगर जिले के प्रभारी मंत्री श्री अर्जुनभाई मोढवाडिया की अध्यक्षता में लेउआ पाटीदार समाज भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला उद्योग केंद्र और विभिन्न 9 कंपनियों के बीच कुल ₹5716 करोड़ की राशि के एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। इनमें विंड-सोलर पावर हाइब्रिड प्रोजेक्ट (नवीकरणीय ऊर्जा) सेक्टर में ओपविंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (₹3368 करोड़), जामनगर रिन्यूएबल्स वन एंड टू प्राइवेट



लिमिटेड (₹1703 करोड़) तथा सुजलॉन वेस्टर्न इंडिया प्रोजेक्ट लिमिटेड (₹600 करोड़) द्वारा आगामी तीन वर्षों में विंड-सोलर हाइब्रिड पावर प्रोजेक्ट्स को क्रियान्वित किया जाएगा। इन परियोजनाओं के माध्यम से अनुमानित रूप से 1725 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

इसके अलावा, इंजीनियरिंग, ऑटो एवं अन्य उद्योग क्षेत्रों में शिव ओम ब्रास इंडस्ट्रीज (₹25 करोड़), मेटालेक्स एक्सट्रूजन (₹6.5 करोड़), एटलस मेटल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड (₹5 करोड़), रेमबेम पी.जी.एम. इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड (₹5 करोड़) तथा यल्लो गोल्ड मेटल




प्राइवेट लिमिटेड (₹3.5 करोड़) द्वारा एल्युमिनियम एक्सट्रूजन प्लांट, एल्युमिनियम एवं कॉपर लग्स, ई-वेस्ट रीसाइक्लिंग, केमिकल प्रोडक्ट्स और ब्रास पाट्र्स के क्षेत्रों में परियोजनाएं स्थापित की जाएंगी। इनसे अनुमानित रूप से 400 से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकेगा। इन सभी परियोजनाओं के वर्ष 2026 में प्रारंभ होने की संभावना है।

इसके साथ ही माननीय मंत्री द्वारा श्री वाजपेयी बैंकेबल योजना के लाभार्थियों को व्यवसाय हेतु लोडिंग वाहनों की चाबियां भी प्रदान की गईं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री अर्जुनभाई मोढवाडिया ने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात केवल एक कार्यक्रम नहीं है बल्कि ये गुजरात के विकास की दृष्टि, आत्मनिर्भरता के संकल्प और विश्व के साथ प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रारंभ की गई वाइब्रेंट गुजरात पहल ने आज गुजरात को वैश्विक निवेशकों के लिए एक पसंदीदा केंद्र बना दिया है।

जामनगर जिला औद्योगिक दृष्टि से एक विशिष्ट पहचान रखता है। चाहे ब्रास पार्ट उद्योग हो या निर्माण क्षेत्र, रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल उद्योग हों, बंदरगाह आधारित गतिविधियाँ हों या पारंपरिक कारीगरी, जामनगर ने हमेशा विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। यहाँ के उद्योगपतियों की मेहनत और कौशल ने जामनगर को 'ब्रास सिटी ऑफ इंडिया' के रूप में पहचान दिलाई है।

# पीबीसीए में सजी 'मैजिकल एडिबल क्रिसमस विलेज', भव्य लाइटिंग सेरेमनी के साथ हुआ अनावरण

मास्टरशेफ पंकज भदौरिया के मार्गदर्शन में छात्रों द्वारा तैयार किया गया पूरी तरह खाने योग्य फेस्टिव की प्रस्तुति

भव्य लाइटिंग सेरेमनी और लाइव क्रिसमस हाई टी के साथ PBCA में दिखा रचनात्मकता और क्यूलिनरी कौशल का अनोखा संगम।

(जीएनएस)।

लखनऊ, 13 दिसंबर 2025: पंकज भदौरिया क्यूलिनरी अकादमी (PBCA) में क्रिसमस के अवसर पर एक अनोखा और भव्य आयोजन देखने को मिला, जहां अकादमी के बेकरी स्टूडेंट्स द्वारा तैयार की गई 'मैजिकल एडिबल क्रिसमस विलेज' का भव्य लाइटिंग सेरेमनी के साथ अनावरण किया गया। इस विशेष की फेस्टिव प्रस्तुति को देश की प्रसिद्ध शेफ और मास्टरशेफ पंकज भदौरिया के मार्गदर्शन में तैयार किया गया। इस अवसर पर मास्टरशेफ पंकज भदौरिया ने कहा, 'यह एडिबल क्रिसमस विलेज केवल एक सजावटी संरचना नहीं है, बल्कि यह हमारे छात्रों की कल्पनाशीलता, मेहनत और प्रोफेशनल ट्रेनिंग का उत्सव है। PBCA





में हम हैंड्स-ऑन और एक्सपीरिएंशियल लर्निंग पर जोर देते हैं और यह प्रोजेक्ट उसी सोच को दर्शाता है वहीं PBCA के शेफ सोनालिका ने कहा, 'इस प्रोजेक्ट के माध्यम से छात्रों ने न केवल अपनी तकनीकी दक्षता दिखाई है, बल्कि टीमवर्क, प्लानिंग और प्रेजेंटेशन स्किल्स का भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। ऐसे लाइव प्रोजेक्ट्स छात्रों को इंडस्ट्री-रेडी बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।' पूरी तरह खाने योग्य यह क्रिसमस विलेज छात्रों की रचनात्मकता, तकनीकी कौशल और टीमवर्क का जीवंत उदाहरण है। इस प्रस्तुति में जिंजरब्रेड हाउसेज, चॉकलेट स्ट्रक्चर्स, शुगर आर्ट फिगरिन्स और हाथ से बनाए गए फेस्टिव डेकोर को बेहद कलात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान जब पूरी क्रिसमस विलेज एक साथ रोशनी से जगमगा उठी, तो पूरा परिसर उत्सव और उल्लास से भर गया। यह पल कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसे उपस्थित अतिथियों और छात्रों ने विशेष रूप से सराहा। कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष क्रिसमस हाई टी का भी आयोजन किया गया, जिसे ढइउअ के एक अन्य बेकरी बैच द्वारा तैयार किया गया। इसमें लाइव तैयार की गई पेस्ट्रीज, ब्रेड्स, कुकीज और अन्य फेस्टिव डिलाइट्स शामिल रहीं, जिन्हें मेहमानों ने खूब सराहा। इस अवसर पर होटल और हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री से जुड़े कई प्रतिष्ठित प्रोफेशनल्स, जिनमें एग्जीक्यूटिव शेफ्स, बेकर्स, एफ एंड बी मैनेजर्स और होटल ट्रेनिंग हेड्स शामिल थे, मौजूद रहे। उनकी उपस्थिति ने छात्रों को इंडस्ट्री की अपेक्षाओं और प्रोफेशनल मानकों को करीब से समझने का अवसर प्रदान किया। ढइउअ अपने प्रोफेशनल डिप्लोमा और क्यूलिनरी प्रोग्राम्स के माध्यम से लगातार छात्रों को वास्तविक दुनिया की ट्रेनिंग और मंच प्रदान कर रहा है, ताकि वे भविष्य में सफल शेफ्स और बेकर्स के रूप में इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना सकें।

# 'भाबीजी घर पर हैं 2.0', हंसी और सुपरनैचुरल ट्विस्ट से भरपूर!

(जीएनएस)।

यूपी। बेहद लोकप्रिय शो 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' अब नए अंदाज में लौट रहा है, जिसमें इस बार कॉमेडी के साथ रोमांच और थोड़ा सा सुपरनैचुरल ट्विस्ट भी देखने को मिलेगा। इस नए सीजन की कहानी घूंघटगंज नाम के एक रहस्यमयी कस्बे की पृष्ठभूमि पर बनाई गई है, जहां परंपरा और रहस्य साथ-साथ चलते हैं। हालात ऐसे बनते हैं कि तिवारी, अंगूरी, अनीता और विभूति इस अजीबोगरीब शहर में पहुंच जाते हैं। इसके बाद शुरू होता है



गलतफहमियों, मजेदार हालात और ठहाकों से भरा सिलसिला, जिसमें घूंघटगंज के अनोखे लोग भी खूब रंग जमाते हैं।

कहानी में रहस्य का तड़का लगाती है विद्या, एक रहस्यमयी किरदार, जिसकी मौजूदगी सभी को चौंकाए रखती है। शहर के अजीब नियम, परालौकिक घटनाएं और किरदारों की नोंक-झोंक मिलकर ऐसे मजेदार पल रचते हैं, जो दर्शकों को हंसाने के साथ-साथ बांधे भी रखते हैं। एडिट प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' हल्की-फुल्की कॉमेडी, ड्रामा, सस्पेंस और सुपरनैचुरल मस्ती का शानदार मेल है। पुराने पसंदीदा किरदार इस बार एक ऐसे माहौल में नजर आएंगे, जो जाना-पहचाना होने के साथ ही ढेर सारे ट्विस्ट से भरपूर है। 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' जल्द ही -एण्डटीवी और हिन्दी जी5 प्रसारित होगा।

# इंडियाज गॉट टैलेंट में शान और सिद्धू ने अनु मलिक की मजेदार नकल की

(जीएनएस)।

मुंबईः इंडियाज गॉट टैलेंट के आगामी एपिसोड में दर्शकों की पसंदीदा जोड़ी दिव्यांश और ऋषभ एक बार फिर मंच पर धमाकेदार परफॉर्मेंस के साथ लौट रहे हैं। उन्होंने अनु मलिक के सुपरहिट गाने 'ये काली काली आँखें' पर बीटबॉक्सिंग, वोकल्स और रिदम का ऐसा जबरदस्त मिश्रण पेश किया कि जज अपनी सीटों से खड़े होकर तालियाँ बजाने लगे। उनका ये शो-स्टॉपर एक्ट पूरी तरह छा गया। इसके बाद असली मजा तब शुरू हुआ जब शान और सिद्धू ने बिना किसी अतिरिक्त कोशिश के अनु मलिक की नकल उतारनी शुरू कर दी। क्लासिक अनु मलिक स्टाइल में शान माइक्रोफोन की ओर झुककर बोले, 'आपने कमाल कर दियाञ्ज आग लगा दी!' वहीं सिद्धू की अनु मलिक अंदाज में परफॉर्मेंस पर टिप्पणी ने मनोरंजन का स्तर और भी बढ़ा दिया।मलाइका अरोड़ा ने कहा, 'मैंने पहले कभी बीटबॉक्सिंग नहीं सुनी, यह पहली बार है कि मैं इसे सुन रही हूँ।'

बीटबॉक्सर दिव्यांश ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'जब मैं 2018 में पहली बार मुंबई आया था, तो शान सर ने ही मुझे पहला ब्रेक और मौका दिया था। आज मैं जो भी हूँ, उनकी सपोर्ट, दुआओं और प्यार की वजह से हूँ।'शान ने तुरंत यादें ताजा करते हुए अपने अमर हिट गाने 'मैं ऐसा क्यूँ हूँ' को गाकर माहौल को और भी शानदार बना दिया। अद्भुत टैलेंट, नॉस्टैल्जिया, ्रमर और दिल छू लेने वाले पलों का यह अनोखा संगम



इस एपिसोड को संगीत, मनोरंजन और आइकॉनिक ऑन-स्टेज मोमेंट्स के शौकीनों के लिए एक जरूर देखने वाला बना देता है।

इंडियाज गॉट टैलेंट का यह खास एपिसोड देखना न भूलें — शनिवारझ रविवार, रात 9:30 बजे सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर!

# कथक और लोकनृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा

**कैसे खेलन जइबू सावन में कजरिया, बदरिया घेरी आई ननदी... कजरी नृत्य ने दर्शकों का मोहा मन।**

सूचना : हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव 15 दिसंबर 2025 रात 10:00 बजे समाप्त हो जाएगा।

लखनऊ, 13 दिसंबर 2025:

लखनऊ । स्मृति उपवन में चल रहे माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में मुख्य अतिथि दिलीप सिंह वरिष्ठ समाजसेवी अमेठी, अध्यक्ष निधान सिंह शिक्षण संस्थान, विशिष्ट अतिथि ओपी सिंह प्रबंधक गुरुकुल ज्ञान अकादमी, ज्ञान तिवारी समाजसेवी आयोजक अरुण प्रताप सिंह ,रणवीर सिंह, गुंजन वर्मा और हेमू चौरसिया ने सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में एनी डाउट एंटरटेनमेंट लखनऊ टैलेंट सीजनझ2 का भव्य आयोजन राजधानी लखनऊ में संपन्न हुआ। नृत्य, गायन और मॉडलिंग की त्रिवेणी से सजे इस कार्यक्रम में प्रतिभाओं ने मंच पर अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। संयोजन आदित्य अग्रवाल द्वारा किया गया, जबकि सह संयोजन राजन गुप्ता एवं निर्देशक स्वाति शर्मा रहीं। अतिथि के रूप में डीएसडी मॉडल्स एजेंसी की संस्थापक दीपिका उपस्थित रहीं। फैशन मॉडल जज के रूप







में प्रसिद्ध डिजाइनर ओम दीप मोतियानी एवं अभिनेत्री व मॉडल रश्मी सिंह (मिसेज लखनऊ 2025) ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के दूसरे क्रम में नृत्यांजलि ग्रुप द्वारा कथक प्रशिक्षिका रजनी वर्मा की प्रस्तुतियों ने विशेष आकर्षण बटोरा। भातखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय से एमपीए एवं कथक, लोकनृत्य व तबला वादन में विशिष्ट प्रशिक्षण प्राप्त रजनी वर्मा ने अपनी शिष्याओं मनस्वी, पूजा, अंजलि, आरती, निशिता एवं अवंतिका की प्रस्तुति, सोलो कथक, कान्हा तोसे ह्रदय न जोडूंगी, कथकझलोक फ्यूजन, कजरी, घूमर एवं होली विशेष नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कजरी एक पारंपरिक लोक गीत शैली है, जो उत्तर प्रदेश और बिहार के क्षेत्रों में बहुत लोकप्रिय है। यह गीत आम तौर पर सावन के महीने में गायी जाती है। कैसे खेलन जइबू सावन में कजरिया, बदरिया घेरी आई ननदी..कजरी नृत्य कर दर्शकों को आकर्षित किया। इसके अतिरिक्त क्लासिकल रॉकर्स ग्रुप की ओर से हर्षाली मौर्य, विवेक वर्मा, आरोही राज एवं हरिनिका बिष्ट ने शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुतियां दीं। गायन में शुभम गौतम ग्रुप एवं हरदोई से आए गायकों मोहम्मद उस्मान सिद्दीकी, अभिनव पांडेय एवं अभिषेक द्विवेदी ने अपनी सुमधुर आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर महोत्सव समिति के रोली सिंह चौहान,मोनालिसा, मनोज सिंह चौहान, रोली जयसवाल आदि उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रदीप शुक्ला द्वारा किया गया।

# लुलु हाइपरमार्केट, लखनऊ में लुलु फूड फिएस्टा 2025 का भव्य उद्घाटन

(जीएनएस)।

लखनऊ, लुलु हाइपरमार्केट, लखनऊ में लुलु फूड फि एस्टा 2025 का भव्य और उत्साहपूर्ण शुभारंभ किया गया। यह फूड फेस्ट स्वादिष्ट व्यंजनों, प्रसिद्ध ब्रांडों और ग्राहकों के लिए कई आकर्षक गतिविधियों के साथ शुरू हुआ। उद्घाटन समारोह में मास्टरशेफ इंडिया फाइनलिस्ट श्री सचिन कथवानी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने लुलु नेतृत्व टीम के साथ मिलकर समारोह का शुभारंभ किया और इस फूड फेस्ट की सराहना की।




इस अवसर पर श्री नोमान अजीज खान – क्षेत्रीय निदेशक यूपी, दिल्ली, तेलंगाना ने लुलु फूड फि एस्टा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा लुलु फूड फि एस्टा 2025 हमारे ग्राहकों के लिए एक ऐसा मंच है जहाँ वे स्वाद, परंपरा और नए अनुभवों का आनंद ले सकते हैं। इस फेस्ट में हमने बच्चों और बड़ों दोनों के लिए कुकिंग प्रतियोगिताएँ रखी हैं ताकि हर आयु वर्ग को मंच मिले और सब अपनी प्रतिभा दिखा सकें।

लुलु का हमेशा प्रयास रहता है कि वे केवल खरीदारी का स्थान न होकर, परिवारों के लिए जुड़ाव और आनंद का केंद्र भी बने। यह फूड फि एस्टा उसी दिशा में एक और कदम है, जो लखनऊ के लोगों को एक बेहतरीन और यादगार अनुभव देगा।"कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सुनील शर्मा – महाप्रबंधक लुलु हाइपरमार्केट लखनऊ ने कहा :"लुलु फूड फि एस्टा 2025 हमारे ग्राहकों के लिए एक खास और यादगार अनुभव है। इस फेस्ट में देश के प्रमुख खाद्य ब्रांड्स की भागीदारी से ग्राहकों को एक ही स्थान पर कई तरह के स्वाद और नए उत्पादों से रूबरू होने का अवसर मिलेगा।

इस आयोजन को इस तरह तैयार किया गया है कि परिवार के हर सदस्य के लिए कुछ न कुछ आकर्षक हो-चाहे वह बच्चों की गतिविधियाँ हों, कुकिंग प्रतियोगिताएँ हों या विशेष ऑफर। हमारा उद्देश्य है कि ग्राहक यहां आएँ, अच्छा समय बिताएँ और लुलु के साथ जुड़ा एक सुंदर अनुभव लेकर जाएँ।"लुलु हाइपरमार्केट लखनऊ 12 दिसंबर से 21 दिसंबर तक आयोजित इस फूड फि एस्टा में सभी लखनऊवासियों से अपने परिवार और मित्रों के साथ शामिल होकर इसका लाभ उठाने का आग्रह करता है।

RNI No.: UPHIN/25/A1697 Published & Owned by AJAYKUMAR RAMANLAL PRAJAPATI and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh. and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : ASHWANI KUMAR

# बाइक से राशन लेकर जा रहे! बाइक सवार को मौरंग से भरे ट्रक ने टक्कर एक की दर्दनाक मौत (दूसरा घायल लखनऊ रेफर)

### पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर को शव को पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया

(जीएनएस)।

ओयल खीरी!!चौकी क्षेत्र अन्तर्गत सीतापुर-लखीमपुर फोरलेन मार्ग पर मौरंग से भरा ट्रक ने सामने से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी! जिससे बाइक सवार यूवक आशाराम की दर्दनाक मौत हो गई दूसरा यूवक सरवन गंभीर रूप से जख्मी हो गया मिली जानकारी के मुताबिक आशाराम (50) पुत्र तौलेराम निवासी ग्राम सुन्सी पुरवा ओयल थाना व जिला खीरी की मौके पर ही मौत हो गई,वहीं बाइक सवार चालक सरवन (46) पुत्र बाबू राम दूर जा गिरा गंभीर रुप से जख्मी हो गए! राहगीरों की सूचना पर दलबल के साथ पहुँचे चौकी प्रभारी पटेल राठी ने घायल को डायल 108 एम्बूलेंस से उपचार के लिये जिला पुरूष अस्पताल पहुँचाया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है! मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है! मृतक के भाई विजय पाल ने बताया कि आशाराम चचेरे भाई सरवन के साथ ग्राम शुन्शी गांव का मजरा उधन्न गांव मे कोटे पर राशन लेने गये थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे दोनों यूवक बाइक पर सवार होकर बेहजम रोड़ से लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर आ गये!इसी बीच सीतापुर की तरफ से आ रहे अनियंत्रित तेज रफ्तार यूपी 31बीटी 2076



मौरंग से भरे ट्रक में टक्कर हो गई, ट्रक चालक ने बचाने का काफी प्रयास किया और ट्रक को फोरलेन की दूसरी तरफ मोड़ दिया किन्तु बाइक ट्रक के पहिए में फंसकर बाइक चला रहे सरवन दूर जा कर गिरा तथा पीछे बाइक पर राशन से भरी बोरी पकड़े बैठे आशाराम की ट्रक के पहिए के नीचे आने से उसकी दर्दनाक मौके पर मौत हो गई!आशाराम अपने पीछे एक अविवाहित पुत्र सुवेश व एक अविवाहित पुत्री ज्यातिसना व पत्नी को छोडकर चले गये। दो बेटी रशमी व पारुल की शादी हो चुकी थी!परिजन ने बताया कि आशाराम तहसील में कामकर परिवार का पालन-पोषन करता था! घटना की सूचना मिलते ही परिजन में कोहराम मच गया! और सभी रोते बिलखते मौके पर पहुँच गए! वहीं घटना में शामिल ट्रक को चालक ने मौके पर ही छोंड़कर फरार हो गया!पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया खबर लिखे जाने तक घायल युवक को डॉक्टरों ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया

# खूनी संघर्ष के बाद हालात काबू में, आरोपी चिन्हित – पुलिस सतर्क

(जीएनएस)।

खखरेरू/फतेहपुर नगर पंचायत खखरेरू के तकिया मोहल्ले में दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष के बाद पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। घटना के दूसरे दिन क्षेत्र के हालात सामान्य बने हुए हैं। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए इलाके में लगातार पुलिस गश्त की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, दोनों पक्षों की ओर से प्राप्त तहरीर और चश्मदीदों के बयान के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना में प्रयुक्त लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। मौके से बरामद मोटरसाइकिलों के कागजातों की जांच शुरू कर दी गई है, ताकि उपद्रव में शामिल लोगों की पहचान की जा सके।

हिंसक झड़प में घायल लोगों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। चिकित्सकों ने एक वृद्ध महिला के सिर में गंभीर चोट आने की पुष्टि की है, जिसकी हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है।

घटना के बाद एहसान की नवविवाहिता का एक वीडियो बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में महिला साफ तौर पर कह रही है कि उसने अपनी मर्जी से एहसान के साथ निकाह कर कोर्ट मैरिज की है। उसका आरोप है कि घर लौटने के बाद से ही मायके पक्ष के लोग उसके जेठ सहित पूरे परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट कर रहे हैं। वीडियो में महिला ने प्रशासन से अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

थाना प्रभारी विद्या प्रकाश सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। शांति भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद बना हुआ है।

# एसटीएफ की कार्रवाई बेअसर, रात्रि के अंधेरे में धड़ल्ले से जारी ओवरलोड परिवहन

(जीएनएस)।

खखरेरू / फतेहपुर थाना क्षेत्र में ओवरलोड परिवहन पर जिला प्रशासन व एसटीएफ की कथित सख्ती का जमीनी स्तर पर कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। दिन के समय कार्रवाई के भय से सड़कों से नदारद रहने वाले ओवरलोड वाहन, जैसे ही शाम ढलती है, गांवों की गलियों और कूचों में फरार्टा भरते नजर आते हैं।

किशनपुर थाना क्षेत्र के संगोलीपुर मढैयन घाट से ओवरलोड मोरंग लदे ट्रैक्टर व डंपर, मुख्य मार्गों से बचते हुए महेशपुर, मठेठा, सोथरापुर जैसे गांवों से होकर खखरेरू थाना क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि कई वाहन खखरेरू थाने के सामने से होकर भी बिना किसी रोक-टोक के अपने गंतव्य की ओर जाते देखे जा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, एसटीएफ व जिला प्रशासन की कार्रवाई से बचने के लिए यह पूरा नेटवर्क सुनियोजित ढंग से रात्रि में संचालित किया जा रहा है। ओवरलोड वाहनों के आगे-पीछे लोकेशन बाज चलते दिखाई देते हैं, जो चेकिंग की जानकारी पहले ही पहुंचा देते हैं। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या क्षेत्रीय प्रशासन इस अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने में विफल है या फिर किसी प्रकार की सेटिंग-गेटिंग के तहत इन्हें मौन स्वीकृति दी जा रही है।

गांव की तंग गलियों से गुजर रहे ओवरलोड ट्रैक्टर और डंपर ग्रामीणों के लिए यमराज साबित हो रहे हैं। भारी वाहनों की आवाजाही से गलियां दलदल में तब्दील हो चुकी हैं, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है और कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

लगातार हो रहे इस अवैध ओवरलोड परिवहन से आक्रोशित ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि

रात्रिकालीन गश्त बढ़ाई जाए, लोकेशन बाजों पर कड़ी कार्रवाई हो, गांव के रास्तों से गुजरने वाले ओवरलोड वाहनों पर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए।

# विवाह केवल बंधन नहीं, जिम्मेदारी भी है: खागा विधानसभा क्षेत्र में आयोजितसामूहिक विवाह में विधायक कृष्णा पासवान





(जीएनएस)।

खखरेरू/फतेहपुर खागा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में नवविवाहित जोड़ों को परिवार और समाज के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक कृष्णा पासवान ने सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों और समाज को जोड़ने वाला पवित्र संस्कार है, जिसमें संस्कार, जिम्मेदारी और आपसी समर्पण की अहम भूमिका होती है।

विधायक कृष्णा पासवान ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। सामूहिक विवाह जैसे आयोजन न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहारा देते हैं, बल्कि सामाजिक समरसता और एकता को भी मजबूती प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि पूर्ववर्ती सरकारों के समय ऐसे आयोजन होते, तो वे जनहित की बजाय घोटालों की भेंट चढ़ जाते और कार्यक्रम सीमित दायरे तक ही सिमट कर रह जाते। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुंच रहा है।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख आदित्य त्रिवेदी, विमलेश पांडेय, दीपक पासवान सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और नवदंपतियों को शुभकामनाएं दीं।

उल्लेखनीय है कि इस सामूहिक विवाह समारोह में कुल 214 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिससे क्षेत्र में सामाजिक सहयोग, एकता और सामूहिक सहभागिता का सकारात्मक संदेश गया।

# वंदे भारत ट्रेनों में स्थानीय व्यंजन परोसे जाएंगे और इसे धीरे-धीरे सभी ट्रेनों में लागू किया जाएगा

फर्जी खातों पर कार्रवाई के परिणामः 3.03 करोड़ फर्जी खातों को निष्क्रिय करने और 2.70 करोड़ से अधिक खातों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया या बंद करने के लिए चिह्नित किए जाने के बाद नई यूजर आईडी बनाने की संख्या पहले के एक लाख प्रतिदिन से घटकर 5000 तक आ गई है

(जीएनएस)।

केंद्रीय रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री और इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज रेल भवन में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री श्री रवनीत सिंह बिट्टू भी उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को वंदे भारत ट्रेनों में संबंधित क्षेत्र के स्थानीय व्यंजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। स्थानीय व्यंजन शुरू करने से यात्रियों का अनुभव काफी बेहतर होगा क्योंकि इससे यात्रा के दौरान मिलने वाले भोजन में उस क्षेत्र की संस्कृति और स्वाद की झलक मिलेगी। यह सुविधा भविष्य में धीरे-धीरे सभी ट्रेनों में लागू की जाएगी।



केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि फर्जी पहचान के जरिए ट्रेन टिकट बुकिंग पर भारतीय रेलवे की कार्रवाई से सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। उपयोगकर्ता की पहचान स्थापित करने और फर्जी आईडी का पता लगाने के लिए एक सख्त प्रणाली लागू होने के बाद, आईआरसीटीसी वेबसाइट पर प्रतिदिन लगभग 5,000 नई यूजर आईडी बनाई जा रही हैं। नवीनतम सुधारों से पहले, यह संख्या प्रतिदिन लगभग एक लाख नई यूजर आईडी तक पहुंच गई थी।

इन प्रयासों से भारतीय रेलवे को 3.03 करोड़ फर्जी खातों को निष्क्रिय करने में मदद मिली है। इसके अलावा, 2.7 करोड़ यूजर आईडी को या तो अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है या उनकी संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर बंद करने के लिए चिह्नित किया गया है।

केंद्रीय मंत्री और राज्य मंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि टिकट प्रणाली में इस स्तर तक सुधार किया जाए जहां सभी यात्री एक वास्तविक और प्रामाणिक यूजर आईडी के माध्यम से आसानी से टिकट बुक कर सकें।

# मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने सूरत में 'ऑल इंडिया मेयर्स काउंसिल' की 116वीं नेशनल एग्जीक्यूटिव बैठक का शुभारंभ किया

- देश के 16 राज्यों के महानगरों के महापौर एवं राज्य के शहरी विकास मंत्री श्री कनुभाई देसाई सहभागी हुए
- शहरों का सर्वग्राही आर्थिक, सामाजिक विकास तथा स्मार्ट, सस्टेनेबल सिटी डेवलपमेंट प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का मजबूत आधार है: मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल :-

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शहरीकरण की चुनौतियों को अवसर में बदलकर गुजरात में वर्ष 2005 में 'शहरी विकास वर्ष' से मॉडर्न अर्बन डेवलपमेंट मॉडल की पहल की
- 2005 के 'शहरी विकास वर्ष' की दो दशक की सफलता के परिणामस्वरूप वर्ष 2025 को 'शहरी विकास वर्ष' के रूप में मनाने से शहरों की स्वच्छता और फ्यूचरिस्टिक डेवलपमेंट में गति आई है
- प्रधानमंत्री के दिशादर्शन में गुजरात ने सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन के माध्यम से शहरों के समग्र विकास के लिए 'स्वर्णिम जयंती मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना' की पहल की



- प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए इन्क्लूसिव ग्रोथ के विचार को साकार करने के लिए छोटे शहरों के विकास को भी गति देते हुए नई महानगर पालिकाओं का गठन किया गया

गांधीनगर, 13 दिसंबर : मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने स्पष्ट रूप से कहा कि शहरों का सर्वग्राही आर्थिक, सामाजिक विकास तथा स्मार्ट, सस्टेनेबल सिटी डेवलपमेंट प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने का मजबूत आधार है।

शनिवार को सूरत में आयोजित अखिल भारतीय 'मेयर्स परिषद' की 116वीं कार्यकारिणी बैठक के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने अध्यक्ष के तौर पर संबोधित किया। शहरी विकास एवं वित्त मंत्री श्री कनुभाई देसाई, देश के 16 राज्यों के महानगरों के महापौर तथा परिषद के पदाधिकारी इस कार्यकारिणी बैठक में सहभागी हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शहरीकरण की चुनौतियों को अवसर में बदलकर गुजरात में वर्ष 2005 में शहरी विकास वर्ष के माध्यम से मॉडर्न अर्बन डेवलपमेंट मॉडल की शुरूआत की थी।

वेल प्लांड सिटी डेवलपमेंट के लिए बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण को इसके परिणामस्वरूप गति मिली और 2005 के 'शहरी विकास वर्ष' की दो दशक की सफलता के चलते राज्य सरकार ने भी वर्ष 2025 को 'शहरी विकास वर्ष' के रूप में मनाया। श्री पटेल ने जोड़ा कि 2025 के इस 'शहरी विकास वर्ष' में शहरों की स्वच्छता तथा फ्यूचरिस्टिक डेवलपमेंट में तेजी आई है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने 'मेयर्स परिषद' में शहरी विकास योजनाओं और लोगों के ईज ऑफ लिविंग में वृद्धि करने वाली गुजरात के इनिशिएटिव्स की प्रभावशाली प्रस्तुति की।

इस संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन से शहरों के सर्वग्राही विकास के लिए 'स्वर्णिम जयंती मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना' की पहल गुजरात ने की है।

# प्रभुनाथ राय ने अनेक चिकित्सकों को सम्मानित किया

(जीएनएस)।

लखनऊ। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय के नेतृत्व में मेदांता हास्पिटल लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह में अनेक चिकित्सक सम्मानित हुए।

समारोह में अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय, वेद प्रकाश राय राष्ट्रीय सचिव तथा विजय यादव प्रदेश सचिव ने चिकित्सा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट और उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रोफेसर राकेश कपूर निदेशक मेदांता हास्पिटल, डॉ. संदीप कुमार वर्मा, डॉ.आशीष बंसल, डॉ. अनुराग वर्मा, डॉ. भरत सांगल, डॉ.पार्थसारथी रेड्डी को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर





# ब्रज चौरासी कोस दर्शन यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब : भक्तिमय के रंग में सराबोर हुए श्रद्धालु

मथुरा (जीएनएस)। ब्रज की पावन धरा पर इन दिनों भक्ति और आस्था का अलौकिक दृश्य देखने को मिल रहा है। श्रीहित हरिवंश प्रचार-प्रसार मंडल के तत्वावधान में आयोजित की जा रही अष्ट दिवसीय ब्रज चौरासी कोस दर्शन यात्रा में देश-विदेश से आए श्रद्धालु भक्ति के रंग में सराबोर होकर आनंद की अनुभूति कर रहे हैं। इस पुनीत यात्रा को श्रीराधावल्लभ मंदिर के वर्तमान तिलकायत अधिकारी, श्रीहित मोहित मराल गोस्वामी महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त हो रहा है एवं तिलकायत अधिकारी महाराज के मार्गदर्शन में यात्रीगण ब्रज के कण-कण में विद्यमान भगवान श्रीराधा-कृष्ण की अनुपम लीला स्थलियों के दर्शन कर रहे हैं। यात्रा के दौरान, श्रद्धालु ब्रज चौरासी कोस के प्रमुख स्थानों, वनों और उपवनों का भ्रमण कर रहे हैं, जहां ठाकुरजी ने अपनी दिव्य लीलाएं रची थीं। भजनों और कीर्तन की मधुर ध्वनि से ब्रज का वातावरण गुंजायमान हो रहा है। यात्रियों ने इन लीला स्थलियों के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य माना और असीम



आध्यात्मिक आनंद की प्राप्ति भी कर रहे हैं। श्रीहित हरिवंश प्रचार प्रसार मंडल द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सभी यात्रीगण सराहना भी कर रहे हैं। अष्ट दिवसीय ब्रज चौरासी कोस दर्शन यात्रा ने यमुना पूजन कर प्रथम दिवस को यमुनापार क्षेत्र में दर्शन एवं द्वितीय दिवस को मथुरा में दर्शन तथा तृतीय दिवस को गोवर्धन में दर्शन, चतुर्थ दिवस को डीग में दर्शन व पंचम दिवस को कामवन (कांमा) में दर्शन किए हैं, यात्रा का अगला पड़ाव बरसाना धाम रहेगा। तिलकायत अधिकारी महाराज ने कहा कि ब्रज चौरासी कोस दर्शन यात्रा ब्रज की संस्कृति और भक्ति परंपरा को जीवंत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, ब्रज चौरासी कोस दर्शन करने से मनुष्य का तन के साथ-साथ मन भी पवित्र हो जाता है।

# फोनपे वेल्थ लाया है म्यूचुअल फंड्स के साथ निवेश की नई शुरूआतः अब सिर्फ ₹10 से शुरू करें 'डेली एसआईपी'!

(जीएनएस)।

लखनऊ, 13 दिसंबर 2025: फोनपे वेल्थ ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड ने आज म्यूचुअल फंड्स में अपनी डेली एसआईपी (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) सुविधा को लॉन्च करने की घोषणा की है, जिससे यूजर्स अब सीधे PhonePe ऐप के माध्यम से प्रतिदिन मात्र ₹10 जैसी छोटी राशि से भी निवेश कर सकेंगें। यह संभावित निवेशकों को अपनी डेली सेविंग्स को आसानी से निवेश में बदलने और ज्यादा से ज्यादा भारतीयों को समय के साथ संपत्ति बनाने में सक्षम बनाएगी।

लॉन्च के दौरान, Share.Market (फोनपे वेल्थ) में इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट्स के प्रमुख, निलेश डी नाइक जी ने कहाः "डेली रुद्धर के माध्यम से, हम लाखों भारतीयों के लिए निवेश को एक आदत बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। दैनिक निवेश के माध्यम से, निवेशकों को रूपी-कॉस्ट एवरेजिंग (rupee-cost averaging) का लाभ मिलता है, जो शार्ट-टर्म मार्केट वोलैटिलिटी को दूर करने में मदद करता है। यहाँ तक कि ₹10 का दैनिक निवेश भी अनुशासित, लॉन्ग-टर्म निवेश को प्रोत्साहित करता है और लॉन्ग-टर्म वेल्थ बनाने में मदद कर सकता है। इस प्रोडक्ट के जरिए हमारा उद्देश्य निवेश को सरल बनाना और हर भारतीय को देश की विकास यात्रा में भागीदार बनने में मदद करना है।"

भारत की म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री, खासकर रुद्ध इंडस्ट्री बहुत तेजी से विकास की दिशा में कदम बढ़ा रही है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (AMFI) के अनुसार, मंथली SIP इनफ्लो अक्टूबर 2025 में ₹29,000 करोड़ से अधिक हो गया—जो पिछले पाँच वर्षों में 30% से अधिक की वार्षिक वृद्धि दशार्ता है। यह वृद्धि लगातार बढ़ रहे योगदान देने वाले रुद्ध अकाउंट्स में भी दिखती है, जिनकी सँख्या अक्टूबर 2025 तक 9.45 करोड़ हो गई है। यह निवेशकों की म्यूचुअल फंड्स में नियमित योगदान के साथ अनुशासित निवेश के लिए मजबूत प्राथमिकता को दशार्ता है। यह इस बात को दशार्ता है कि निवेशक अनुशासित निवेश को प्राथमिकता देते हैं और म्यूचुअल फंड्स में नियमित अंतराल पर योगदान करते हैं।

इस दिशा में, डेली SIPs की शुरूआत यूजर्स को मात्र ₹10 प्रतिदिन से निवेश करने का अवसर देगी, जिससे म्यूचुअल फंड में निवेश करना और भी अधिक सुविधाजनक और किफायती बन जाएगा। यह सुविधा उन लोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है, जिन व्यक्तियों की कमाई और बचत दैनिक है। यह सुविधा उनके लिए म्यूचुअल फंड निवेश को बेहद आसान और सुलभ बनाती है, और यही उनकी वित्तीय संपत्ति (फाइनेंशियल वेल्थ) निर्माण की ओर पहला कदम है।

फोनपे ऐप पर UPI (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) ऑटोपे के माध्यम से तुरंत डेली रुद्ध शुरू करें और अपनी डेली इन्वेस्टमेंट को सहज और ऑटोमेटेड बनाएँ। यदि किसी निवेशक को लगता है कि वे लंबे समय तक निवेश जारी नहीं रख सकते, तो उनके पास अपनी रुद्ध को आसानी से बंद करने का विकल्प होता है और पहले से निवेश की गई राशि को बढ़ने (कंपाउंड होने) दिया जा सकता है।

# थाना ललिया बलरामपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी बलरामपुर व पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा सुनी गयी शिकायतकर्ताओं की शिकायतें

**शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

(जीएनएस)। जिलाधिकारी बलरामपुर विपिन कुमार जैन व पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा आज द थाना ललिया में आयोजित थाना समाधान दिवस पर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के



अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

महोदय द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के प्रकरणों को गम्भीरता से सुना जाए तथा स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित करते हुए प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके।

# जिलाधिकारी बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा सिमौनी मेला का स्थलीय निरिक्षण कर मेले की तैयारियों व सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा

(जीएनएस)। बांदा

मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा, पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा, जिलाधिकारी बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा सिमौनी मेला का स्थलीय निरिक्षण कर मेले की तैयारियों व सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा । सम्बन्धीत अधिकारियों को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश ।

आज दिनांक 13.12.2025 को मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा अजीत कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस, जिलाधिकारी बांदा



श्रीमती जे. रीभा व पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा थाना बबेरु क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिमौनी में आयोजित होने वाले परंपरागत मेला क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान मेला परिसर में की जा रही तैयारियों का गहनता से जायजा लिया गया । निरीक्षण के दौरान मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय तथा आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता की समीक्षा की गई । अधिकारियों द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो । इस दौरान क्षेत्राधिकारी अतर्रा प्रवीण कुमार व प्रभारी निरीक्षक थाना बबेरु राजेन्द्र सिंह राजावत सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

# भैरू भवानी मंदिर में आस्था का ऐतिहासिक उत्सव, भव्य भंडारा और जागरण ने रचा भक्तिमय वातावरण

(जीएनएस)।

रेवाड़ी। जिला रेवाड़ी के गांव अहरोद स्थित प्राचीन एवं आस्था के प्रमुख केंद्र भैरू भवानी मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से परिपूर्ण विशाल भंडारा एवं भव्य जागरण का आयोजन अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर दिनभर चले भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया, जबकि रातभर चले जागरण ने पूरे क्षेत्र को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

आयोजन में दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। जागरण के दौरान प्रस्तुत की गई मनमोहक एवं दिव्य झांकियां श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं। भव्य साज-सज्जा, प्रकाश व्यवस्था और भावपूर्ण



प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मंदिर के महंत ओमप्रकाश गौड़ वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि वे पिछले 11 वर्षों से निरंतर भंडारा एवं जागरण का आयोजन करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में हो रही निरंतर वृद्धि माता भैरू भवानी के प्रति लोगों की अटूट आस्था और विश्वास को दर्शाती है।

कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्ति संगीत, गूंजते जयकारों और दीपों की रोशनी से आलोकित रहा। माता के भावपूर्ण और उत्साहवर्धक भजनों ने श्रद्धालुओं को भक्ति में लीन कर दिया। भंडारे की व्यवस्था संभाल रहे श्रद्धालु एवं अधिवक्ता नत्थूराम यादव ने बताया कि भंडारा पूरे दिन चला, जिसमें सैकड़ों से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस भव्य आयोजन ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि भैरू भवानी मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक समरसता और धार्मिक परंपराओं का सशक्त प्रतीक भी है। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामवासी एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# थाना पैलानी पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए अन्तर्जनपदीय अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

(जीएनएस)। बांदा

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की करीब 6.5 लाख रुपये के कीमत की ठोस पीली धातु बरामद

बांदा -पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में दिनांक 13.12.2025 को थाना पैलानी पुलिस द्वारा चोरी करने वाले एक अन्तर्जनपदीय अभियुक्त को चोरी के सामान साथ गिरफ्तार कर लिया गया है । थाना पैलानी क्षेत्र के ग्राम पिपरहरी के रहने वाले ज्वाला प्रसाद ने दिनांक 29.08.2025 को अपने घर में अज्ञात चोरों द्वारा दिनांक





28.08.2025 की रात्रि को चोरी करने के सम्बन्ध में सूचना दी थी । जिसके सम्बन्ध में थाना पैलानी पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया । इस क्रम में थाना पैलानी पुलिस द्वारा अभियुक्त की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को अलोना नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया गया ।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने अपने अन्य साथियों के साथ चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है । जिसके आधार पर अन्य साथी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी किये गये आभूषणों को गलाकर तैयार की गई करीब 6.5 लाख रुपये की ठोस पीली धातु को बरामद किया गया है ।

# नई चेतना महज एक योजना नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है: डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर

**महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान भारत की वृद्धि और मजबूती का मूल हैं: ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी ने गुंटूर में राज्य स्तरीय 'नयी चेतना 4.0' का शुभारंभ किया; लैंगिक संसाधन केंद्र का उद्घाटन किया**

(जीएनएस)।

ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर ने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक कार्रवाई का आ'ान किया और सभी हितधारकों से "एक आवाज, एक संकल्प, समानता के लिए एक नई शुरूआत" के संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया।

राज्य स्तरीय 'नयी चेतना 4.0' के शुभारंभ के अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए . डॉ पेम्मासानी ने इस पहल को लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध एक शक्तिशाली जन आंदोलन कहा और हिंसा के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी का आ'ान किया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत, डॉ पेम्मासानी ने गुंटूर में लैंगिक संसाधन केंद्र (जीआरसी) का उद्घाटन किया। जीआरसी महिलाओं के लिए एक सर्व-समावेशी सहायता प्रणाली के रूप में कार्य करेगा जो जमीनी स्तर पर समय



पर सहायता, सुरक्षा और न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए परामर्श, कानूनी सहायता, विशेषज्ञ सलाह और आजीविका संपर्क प्रदान करेगा।

गुंटूर में आंध्र प्रदेश की नारी शक्ति को संबोधित करते हुए, उन्होंने एक ऐसे बदलते ग्रामीण भारत के निर्माण के लक्ष्य का उल्लेख किया जहां प्रत्येक महिला सुरक्षित हो, गरिमापूर्ण जीवन जी सके और आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो। उन्होंने महिला सशक्तिकरण को समावेशी और टिकाऊ विकास की आधारशिला बताया।

डॉ पेम्मासानी ने इस बात पर बल दिया कि महिलाओं को सशक्त बनाना सामाजिक प्रगति को गति देता है और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना राष्ट्र को मजबूत बनाता है। उन्होंने दोहराया कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान भारत के विकास और लचीलेपन के लिए मूलभूत हैं।

डॉ. चंद्र शेखर ने कहा कि डे-एनआरएलएम के अंतर्गत नई चेतना महिला समूहों को मजबूत कर रही है, लिंग आधारित हिंसा के प्रति शून्य सहिष्णुता को बढ़ावा दे रही है, पुरुषों और लड़कों की भागीदारी को प्रोत्साहित कर रही है और महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को आगे बढ़ा रही है।

उन्होंने नागरिकों से अपने सामूहिक संकल्प को नवीकृत करने का आ'ान करते हुए कहा कि एक सुरक्षित, गरिमामय और आर्थिक रूप से सशक्त भारत का निर्माण करना एक साझा राष्ट्रीय जिम्मेदारी है।

2021 में शुरू हुआ 'नई चेतना' अभियान अब एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन चुका है जिसे लगभग 1 करोड़ स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाएं चला रही हैं। देशभर में 13 लाख से अधिक बैठकों और कार्यक्रमों के माध्यम से 4 करोड़ से अधिक ग्रामीण नागरिकों ने जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लिया है। यह पहल 12 केंद्रीय मंत्रालयों के समन्वय से कार्यान्वित की जा रही है, जिसमें महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसमें भूमि, बैंकिंग और प्रौद्योगिकी तक बेहतर पहुंच शामिल है।

इस कार्यक्रम में राज्य की गृह मंत्री वंगलपुडी अनीता और राज्य के एमएसएमई, एसईआरपी और एनआरआई सशक्तिकरण एवं संबंध मंत्री कोंडापल्ली श्रीनिवास भी उपस्थित थे। इसमें 3000 से अधिक महिलाएं शामिल थीं।

# जिलाधिकारी बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा थाना समाधान दिवस पर थाना बबेरु में जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को किया गया निर्देशित

(जीएनएस)। बांदा

मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा, पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा, जिलाधिकारी बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा थाना समाधान दिवस पर थाना बबेरु में जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को किया गया निर्देशित ।

जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन । पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा जनता की शिकायतें सुन किया गया उनका निस्तारण ।

जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मा0 मुख्यमंत्री



उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के क्रम में आज दिनांक 13.12.2025 को जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया । थाना समाधान दिवस पर मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा श्री अजीत कुमार, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस., जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे0 रीभा व पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा थाना बबेरु में जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नरैनी कृष्णकांत त्रिपाठी द्वारा थाना गिरवां में जनता की शिकायतों/समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया । थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 64 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 20 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीमों का गठन किया गया ।

# डीएम-एसपी ने रात में की उपखनिज वाहनों की सघन जांच, अवैध खनन पर कसा शिकंजा

(जीएनएस)।

बाँदा, 13 दिसम्बर।

जनपद में अवैध खनन एवं उपखनिजों के अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से जिलाधिकारी बाँदा एवं पुलिस अधीक्षक बाँदा द्वारा 12/13 दिसम्बर की रात्रि संयुक्त रूप से सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान खनन अनुज्ञा क्षेत्र ग्राम अमलोरखादर का निरीक्षण कर बालू/मोरम से लदे वाहनों की गहन जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान संबंधित पट्टाधारकों/अनुज्ञाधारकों को कड़े निर्देश दिए गए कि स्वीकृत खनन क्षेत्र के भीतर ही खनन एवं परिवहन किया जाए। ओवरलोडिंग, बिना वैध परिवहन प्रपत्र के उपखनिज परिवहन तथा परिवहन प्रपत्र में अंकित मात्रा से अधिक सामग्री के परिवहन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही खनन क्षेत्र में स्थापित वे-ब्रिज/तौल मशीन का भी निरीक्षण किया गया।




इसी क्रम में 13 दिसम्बर को अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) की अध्यक्षता में उपखनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर वीटीसी (श्ळउ) लगाए जाने को लेकर जनपद के पट्टाधारकों, अनुज्ञाधारकों, भंडारणकर्ताओं एवं ट्रांसपोर्टरों के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्पष्ट किया गया कि सभी उपखनिज परिवहन वाहनों पर वीटीसी अनिवार्य रूप से लगाया जाए। वीटीसी न लगे वाहनों पर शासन स्तर से जुमार्ने का प्रावधान लागू होगा तथा ऐसे वाहनों के लिए ईएमएम-11/ई-प्रपत्र-सी निर्गत नहीं किया जाएगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि एक्सटेंड बॉडी एवं मॉडिफाइड बॉडी वाले वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा दिन-रात विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बिना वैध परिवहन प्रपत्र के उपखनिज परिवहन करते पाए जाने पर प्रथम बार अर्थदंड तथा दूसरी बार पकड़े जाने पर वाहन स्वामी/चालक एवं संबंधित पट्टाधारक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। ब्लैकलिस्ट किए गए वाहनों के परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर उन्हें थाने में निरुद्ध रखा जाएगा।

जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील पैलानी अंतर्गत ग्राम सिंधनकलां में स्थित खनन क्षेत्र की राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांच की गई। जांच में स्वीकृत खनन क्षेत्र के बाहर 5512 घन मीटर बालू/मोरम के अवैध खनन एवं परिवहन का खुलासा हुआ। इस मामले में संबंधित अनुज्ञाधारक को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

# विधायक विशंभर सिंह यादव की दिलदारी बनी मिसाल कालिंजर में रोडवेज बस स्टैंड हेतु पाँच बीघा भूमि दान

(जीएनएस)। बांदा

बबेरू विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक विशंभर सिंह यादव ने जनहित और विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए कालिंजर किले के समीप रोडवेज बस स्टैंड निर्माण के लिए अपनी पाँच बीघा बेशकीमती भूमि दान कर दी। उनकी यह पहल जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है और जनसेवा की एक बड़ी मिसाल मानी जा रही है।

जिलाधिकारी जे. रीभा की पहल पर विधायक विशंभर सिंह यादव ने यह भूमि सरकारी उपयोग हेतु दान की। भूमि दान की कानूनी प्रक्रिया (रजिस्ट्री दान पत्र) विधायक के पुत्र वरुण यादव, बहू पूनम यादव, सौम्या यादव एवं पौत्र शौर्य प्रताप सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई।

इस अवसर पर विधायक विशंभर सिंह यादव ने कहा कि कालिंजर किला बुंदेलखंड की ऐतिहासिक धरोहर है, जिसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना समय की मांग है। रोडवेज बस स्टैंड के निर्माण से पर्यटकों और यात्रियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।



उन्होंने यह भी कहा कि बस स्टैंड का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। इससे न केवल कालिंजर आने वाले पर्यटकों को लाभ मिलेगा, बल्कि आसपास के गांवों, स्थानीय व्यापारियों और युवाओं के लिए रोजगार एवं आर्थिक अवसर भी सृजित होंगे।

विधायक विशंभर सिंह यादव की यह पहल इस बात का प्रमाण है कि राजनीति केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि जनहित और क्षेत्रीय विकास का सशक्त साधन भी हो सकती है। उनकी यह दिलदार पहल जिले में राजनीति और जनसेवा के क्षेत्र में एक बड़ी मिसाल के रूप में है।

विधायक विशंभर सिंह यादव का यह कदम वास्तव में सराहनीय है।

पाँच बीघा भूमि दान कर उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि जनसेवा ही सच्ची राजनीति है।

# भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले शरीफ उस्मान हादी को सिर में मारी गोली, नॉर्थ ईस्ट पर कब्जे का था सपना

(जीएनएस)।

आगामी आम चुनावों से करीब दो महीने पहले एक बड़ी राजनीतिक हिंसा की घटना सामने आई है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के मुखर आलोचक और दक्षिणपंथी युवा नेता शरीफ उस्मान हादी को ढाका में गोली मार दी गई। यह हमला शुक्रवार दोपहर करीब 2:25 बजे ढाका के बिजोयनगर इलाके में हुआ, जब हादी अपने चुनाव प्रचार में जुटे हुए थे।

सिर में कई गोलियां, हालत बेहद गंभीर

हमलावरों ने हादी के सिर में कई गोलियां मारीं, जिससे उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें तुरंत ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें लाइफ सपोर्ट पर रखा गया है। डॉक्टरों के मुताबिक, अगले कुछ घंटे उनके लिए बेहद अहम हैं।

पुलिस के अनुसार, इस हमले को तीन मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने अंजाम दिया। फायरिंग के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना



के वक्त हादी खुले इलाके में लोगों से संपर्क कर रहे थे, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

निर्दलीय उम्मीदवार लड़ने वाले थे चुनाव

शरीफ उस्मान हादी शेख हसीना विरोधी संगठन 'इंकलाब मंच' के प्रवक्ता हैं। उन्होंने आगामी संसदीय चुनावों में ढाका-8 सीट से स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। युवाओं के बीच उनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमले से कुछ घंटे पहले हादी ने सोशल मीडिया पर भारत के "सेवन सिस्टर्स" यानी पूर्वोत्तर क्षेत्र को दिखाता हुआ एक विवादित नक्शा साझा किया था। इस पोस्ट में शुक्रवार के लिए एक बैठक का आह्वान किया गया था, जिसका विषय था- "बंगाल और बंगालियों की शुरूआत की कहानी"।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने इस घटना पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने इसे चुनावी माहौल में "अस्वीकार्य" हिंसा बताया और सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिए कि हमलावरों की जल्द पहचान कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

पहले भी मिल चुकी थीं जान से मारने की धमकियां

# चोरी की घटना का किया सफल अनावरण

(जीएनएस)।

पैलानी / बांदा पूरा मामला बांदा जनपद के पैलानी थाना क्षेत्र से सामने आया है।

बांदा जनपद के पुलिस अधीक्षक पलाश वंशल के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे वांक्षित अपराधियों की धड़ पकड़ अभियान के क्रम मे पैलानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरहरी ग्राम में बंद घर में चोरी की घटना में वांक्षित चल रहे अभियुक्त की तलाश लगातार इलाकाई पुलिस द्वारा की जा रही थी।



जिस पर कड़ी मशक्कत एवं मुखबिरों की मदद व एस ओ जी टीम की संयुक्त कार्रवाई में हमीरपुर के रहने वाले शातिर चोर को जिसका नाम हेमंत है उसके कब्जे से

चोरी का माल लगभग 50 ग्राम पीली धातु, जिसकी कीमत करीब 6.5 लाख रुपये है, बरामद किया गया है। इस अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में कुछ मामले पंजीकृत हैं ।

उक्त अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा जा रहा है। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।